भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 1315

उत्तर देने की तारीख 30 जुलाई, 2026 (गुरूवार)

8 श्रावण, 1948 (शक)

प्रश्न

बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र का विकास पैकेज

1315 **श्री रवंगवरा नारजारीः**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2020 में बीटीआर समझौते के पैकेज के अंतर्गत बोडोलैंड के अवसंरचनात्मक विकास हेतु असम सरकार से प्राप्त प्रस्तावों की परियोजना-वार संख्या कितनी है; और

(ख) वर्ष 2020 से बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र के अवसंरचनात्मक विकास हेतु प्रस्तावित विशेष पैकेजों के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है तथा अब तक स्वीकृत प्रस्तावों और जारी की गई निधियों का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद (बीटीसी) के तहत आने वाले क्षेत्र के विकास के लिए, दिनांक 27.01.2020 को भारत सरकार, असम सरकार और बोडो समूहों (एबीएसयू और एनडीएफबी गुट) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओएस) पर हस्ताक्षर किए गए थे। इसके तहत भारत सरकार द्वारा तीन वर्ष तक प्रत्येक वर्ष 250 करोड़ रुपये यानी कुल 750 करोड़ रुपये का योगदान निर्धारित किया गया। इस पैकेज के तहत, दिनांक 24.07.2026 तक उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय में 737.47 करोड़ रुपये के कुल 15 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

(ख) बीटीसीपैकेज के तहत, दिनांक 24.07.2026 तक कुल 512.45 करोड़ रुपये की लागत वाली 13 परियोजनाओं को संस्वीकृत किया गया है। बीटीसी पैकेज के तहत परियोजना-वार स्वीकृत राशि और जारी की गई निधि का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

*****

अनुबंध-I

"बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र का विकास पैकेज" विषय पर राज्य सभा में 30 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न संख्या 1315 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद पैकेज के तहत परियोजना-वार स्वीकृत राशि और जारी की गई निधि का विवरण (दिनांक 24.07.2026 तक)

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत होने की तारीख	स्वीकृत लागत	जारी की गई निधि
1	रामफलबिल (कोकराझार) में लघु/मध्यम उद्योगों की स्थापना के लिए औद्योगिक संपदा का विकास	28-08-2024	14.4	3.48
2	औद्योगिक संपदा, लखीबाजार, कोकिलाबाड़ी, जिला बक्सा	17-09-2024	18.4	4.28
3	सालबारी, बक्सा में बोडोलैंड आंदोलन स्मारक संग्रहालय	08-10-2024	29.99	0.00
4	बीटीसी, एसडीपी, असम सरकार के तहत उदलगुरी जिले में खेल अकादमी का निर्माण	07-05-2025	171.86	16.01
5	बीटीसी पैकेज, एसडीपी, असम सरकार के तहत होटल और पर्यटन प्रबंधन संस्थान, चिरांग का निर्माण	13-05-2025	44.72	10.78
6	असम के कोकराझार जिले के गोलाडांगी में कोल्ड स्टोरेज की सुविधाओं के साथ खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र	17-07-2025	41.33	9.1
7	उदलगुरी जिले के लालपूल में कोल्ड स्टोरेज की सुविधाओं के साथ खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र	18-07-2025	39.6	8.61
8	नकुची, बक्सा जिला, असम में कोल्ड स्टोरेज की सुविधाओं के साथ खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र	21-07-2025	42.85	0.00
9	एसडीपी के लिए बीटीसी पैकेज के तहत उधियागुड़ी, बक्सा में हथकरघा और कपड़ा उत्पादन और विपणन केंद्र	05-02-2026	25.76	0
10	तंगला, उदलगुरी जिला, असम में प्रस्तावित आजीविका प्रबंधन संस्थान	11-06-2026	22.09	0
11	होल्टुगांव, कोकराझार में हथकरघा और कपड़ा उत्पादन और विपणन केंद्र	22-06-2026	24.32	0
12	ऐईपोवाली, जिला चिरांग में बांस नर्सरी सह उत्पादन केंद्र और छोटी नर्सरियों और प्रसंस्करण केंद्र का विकास	11-06-2026	27.31	0
13	खैरघुटु, जिला कोकराझार में बांस नर्सरी सह उत्पादन केंद्र का विकास	11-06-2026	9.82	0
	कुल	**-**	**512.45**	**52.56**

*****